## संक्षिप्त

### अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दी

**सरदारशहर,** (निसं)। वार्ड नंबर 45 में शनिवार सुबह एक 47 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के भतीजे बनवारीलाल ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि आज प्रात करीब 7.30 बजे मैंने अपने चाचा शंकरलाल को फोन कर चाय नाश्ते के लिए बुलाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। मैंने दो बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला जिस पर मैं चाचा को बुलाने उनके घर आया तो दरवाजा बंद था। जब मैंने ऊपर जाली से देखा तो मेरे चाचा शंकरलाल चौक में फंदे से लटके हुए थे तब मैंने आसपास के लोगों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जहां पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### प्रशिक्षण शिविर 17 मई से

**चूरू,** (कासं)। बालक-बालिकाओं में श्रम के प्रति निष्ठा, आत्मविश्वास, स्वावलम्बन, स्वरोजगार एवं खाली समय के सदुपयोग की दृष्टि से राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चूरू के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरूचि शिविर का आयोजन 17 मई से 25 जून 2022 तक मैरीगोल्ड वर्ल्ड सीसै स्कूल गढ़ के पीछे चूरू में किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होगा।

### सूबेदार मेजर सम्पतसिंह राठौड़ का अभिनंदन

**चूरू,** (कासं)। निकटवर्ती लादड़िया गांव में ग्रामीणों द्वारा सेवानिवृत ऑनरेरी सुबेदार मेजर सम्पतसिंह राठौड़ का जोरदार अभिनंदन किया गया। सम्पतसिंह राठौड़ 13वीं बटालियन ग्रेनेडियर्स से 28 वर्ष गौरवमयी सेवा सम्पूर्ण करके अपने गांव लादड़िया पहुंचने पर उनका पूर्व पंचायत प्रसार अधिकारी कल्याण सिंह, रणजीत सिंह, मदन सिंह, बजरंग सिंह, दलीप लोयल, सूरजभान सिंह, विरुराम नायक, शीशराम स्वामी, मुकेश कस्वां, दलीप एचरा, आदित्य सिंह एडवोकेट आदि ने अभिनंदन किया। इस मौके पर ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बाल संरक्षण इकाई की बैठक 16 को

**चूरू,** (कासं)। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक नरेश बारोठिया ने बताया कि समेकित बाल संरक्षण योजना एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जिला स्तर पर बाल संरक्षण के क्रम में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में 16 मई को दोपहर 12 बजे कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

### दिशा की बैठक 26 मई को

**चूरू,** (कासं)। डिस्ट्रिक्ट डवलपमेंट कॉर्डिनेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी दिशा की बैठक 26 मई को सवेरे 11 बजे जिला परिषद चूरू के सभागार में सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में पूरी तैयारी एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ आने के लिए कहा गया है।

# राजस्थान में ना अपराध छुपा रहे हैं और ना ही अपराधियों को बचाया जा रहा है: रेहाना रियाज



होली धोरा में एड. सुल्तान खान चौधरी के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करतीं रेहाना रियाज।

- **राजस्थान में आपके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय होने पर आप मुकदमा दर्ज करवा सकते हैं, अन्य प्रदेशों में एफआईआर दर्ज नहीं होती : रेहाना**

**सुजानगढ़,** (निसं)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज शनिवार को होली धोरा में बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. एड. सुल्तान खान चौधरी की धर्मपत्नी शायरा बानो के निधन पर शोक प्रकट करने आई थी। इस दौरान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज ने मीडिया से बात की। रेहाना रियाज ने प्रदेश में बढ रहे महिला उत्पीडन के मामलों को लेकर किए गए सवाल के जवाब में कहा कि राजस्थान में आपके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय होने पर आप मुकदमा दर्ज करवा सकते हैं। अन्य प्रदेशों में एफआईआर दर्ज नहीं होती है। राजस्थान में ना तो अपराध को छुपा रहे हैं और ना ही अपराधियों को बचाया जा रहा है।

चूरू से विधायक चुनाव को लेकर किए गए सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि यह लोगों की सोच है, इसे एमएलए की टिकट से जोड कर नहीं देखा जाना चाहिए। भविष्य के गर्भ में क्या है, यह तो तभी ही पता लगेगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे निभाना चाहती हूं। चूरू से बाहर जनसुनवाई नहीं करने के जवाब पर आयोग अध्यक्षा ने कहा कि अभी संभागीय मुख्यालय पर जनसुनवाई की जा रही है। उदयपुर की है तथा बीकानेर मुख्यालय पर की जायेगी। गर्मी कम होने के बाद तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई की जायेगी।

इस दौरान चूरू के कांग्रेस नेता रियाजत अली खान, जमील चौहान उनके साथ थे। इस अवसर पर चौधरी परिवार के इशाक खान चौधरी, सुलेमान खान चौधरी, इलियास खान चौधरी, अनीस खान, शबाना चौधरी, सुजल खान, सभापति नीलोफर गौरी, कांग्रेस जिला प्रवक्ता मो. इदरीश गौरी, नगरनिगम जयपुर के डिप्टी कमिश्नर सत्तार खान, नूर मोहम्मद पहाडियान, मुराद खान हाथीखानी, इलियास खान हासमखानी, रफीक खान फतनाण, इरफान खान उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ



लोक अदालत के दौरान विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण करती न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता रोहिला।

**तारानगर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के आदेशानुसार तारानगर न्यायालय में ताल्लुका विधिक समिति अध्यक्ष (सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) ममता रोहिला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में सदस्य के रूप में उपखण्ड अधिकारी प्रभजोत गिल व अधिवक्ता महेंद्र कुमार यादव का सहयोग रहा।

समिति अध्यक्ष रोहिला ने बताया कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दण्डिक शमनीय के 200 प्रकरणो, 138 एन.आई. एक्ट के 16 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें 21,61,446 रुपये की वसूली हुई, वैवाहिक मामलों के 20 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें 47,000 रुपये की वसूली हुई, सिविल मामलों के 06 प्रकरणो का निस्तारण किया गया तथा प्रि-लिटिगेशन के 16 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें 6,32,936 रुपये की वसूली हुई।

इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 258 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें 28,41,382 रुपये की वसूली हुई। लोक अदालत के दौरान सहायक अभियोजन अधिकारी गोविंदसिंह, धर्मेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, गोपीराम, मुकेश कुमार, घनश्याम शर्मा, प्रदीप भाटी, ताल्लुका के कर्मचारीगण एवं अधिवक्ता सागरमल, पूर्णाराम, गजराजसिंह, केदारमल स्वामी, निर्मल कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल तारानगर, पवन, विकास, साजिद, ओमप्रकाश सहारण, मोहित शर्मा, योगेशचंद्र जैन आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# टोल की वसूली बन्द करने की मांग: सात दिन से धरना जारी



चिड़ावा-नारनौल मार्ग पर दो जगह अवैध टोल वसूली बन्द करने की मांग को लेकर लाल चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चल रहा धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा।

- **आज से क्रमिक अनशन भी शुरू**

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा-नारनौल मार्ग पर दो जगह अवैध टोल वसूली बन्द करने की मांग को लेकर लाल चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चल रहा धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। शनिवार के धरने की अध्यक्षता कपिल तेतरवाल ने की।

इस दौरान किसान सभा के चिडावा तहसील तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र चाहर ने कहा कि मेहनत की कमाई को इस तरह लूटते हुए देखकर चुप नहीं रहा जा सकता। सरकार को भी अब इसे हटाने के तुरंत आदेश देने होंगे। मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से धरना स्थल पर क्रमिक अनशन भी शुरू कर दिया। पहले दिन क्रमिक अनशन पर किसान सभा उपाध्यक्ष महावीर यादव कलगांव के नेतृत्व में राष्ट्रीय कलाकार विजेन्द्र शास्त्री, ब्लाक प्रभारी बजरंग लाल बराला, सुरेश कुमावत, कर्मवीर चाहर, राकेश चाहर, जयसिंह हलवाई, सुरेश मीणा, हिमांशु यादव, अनिल, कुलदीप कलगांव बैठे।

किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष बजरंग बराला ने कहा कि सरकार इस भ्रम में नहीं रहे कि इसी तरह लूट चलती रहेगी। हम किसान सभा के सिपाही हैं जब तक अवैध फर्जी टोल वसूली बन्द नहीं होता और जनता से लूटी रकम की वसूली नहीं तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान: 16 को पांच स्थानों पर फॉलोअप शिविर

- **भू अभिलेख निरीक्षक मुख्यालयों पर लगने वाले शिविरों का कार्यक्रम घोषित किया गया**

**चूरू,** (कासं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान अंतर्गत भू अभिलेख निरीक्षक मुख्यालयों पर लगने वाले शिविरों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। शिविर 16 मई से 22 जून तक होंगे।

जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 मई को ददरेवा भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय पर लीलकी, महलाना, सेउवा, मानपुरा, खुड्डी व ददरेवा पंचायतों के लिए, सरदारशहर भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय पर हरियासर घड़सोतान, जीवणदेसर व मेहरासर चाचेरा पंचायतों के लिए, रतननगर में थैलासर, श्योपुरा व खासोली पंचायतों के लिए, मेलूसर में मेलूसर, भानूदा, हामूसर, पाबूसर, गोगासर व कांगड़ पंचायतों के लिए तथा सालासर में सालासर, शोभासर, गुडावड़ी व मुरड़ाकिया ग्राम पंचायतों के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 18 मई को गुलपुरा में गुलपुरा, गोठ्यां बड़ी, लसेड़ी, ढंढाल लेखूं, लाखलाण व मोडावासी पंचायतों के लिए, तारानगर में नेठवा, ढाणी कुम्हारान, अलायला, मेघसर आंशिक व लूणास आंशिक पंचायतों के लिए, बंधनाऊ में बंधनाऊ दिखणादा, बंधनाऊ उतरादा, बीकमसरा, भोजूसर, मीतासर, सवाई बड़ी व पातलीसर बड़ा पंचायतों के लिए, सहनाली छोटी में सहनाली छोटी, सातड़ा, रायपुरिया, मौलीसर बड़ा व देपालसर पंचायतों के लिए, कानूता में कानूता, मगरासर, मूंदड़ा, भासीणा, गेड़ाप व बाघसरा आथूणा के लिए तथा कातर छोटी में कातर छोटी, अमरसर, गेवरसर व रेड़ा पंचायतों के लिए शिविर होंगे।

एडीएम लोकेश गौतम ने बताया कि 20 मई को डोकवा में देवीपुरा, रतनपुरा, डोकवा, मूंदीताल व भुवाड़ी के लिए, रेड़ी में रेड़ी, रैयाटुंडा, बनियाला, सोमसीसर, मेघसर आंशिक, लूणास आंशिक, सारायण आंशिक पंचायतों के लिए, घड़सीसर में अडसीसर, घड़सीसर, बैजासर व भादासर दिखणादा के लिए, सिरसला में सिरसला, लाखाऊ, लोहसणा बड़ा, घांघू व दांदू पंचायतों के लिए, राजलदेसर मुख्यालय पर रतनादेसर, नूंवा, भावनदेसर व भरपालसर के लिए तथा भींवसर मुख्यालय पर भींवसर, नौरंगसर व लोढ़सर के लिए शिविर होंगे।

शिविरों में सक्रिय सहभागिता के लिए सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद सदस्यों सहित समस्त जन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 352 प्रकरणों का निस्तारण

**सुजानगढ़,** (निसं)। न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एडीजे बलवंतसिंह भारी की अध्यक्षता में हुआ। एडीजे न्यायालय में इजराय के नौ प्रकरणों के निस्तारण से 72,43,347 रूपये की वसूली हुई। एम.ए.सी.टी. के तीन प्रकरणों के 1,81 हजार रूपये के अवार्ड पारित किए गए। दो वैवाहिक विवाद, एक अन्य सिविल मामलों का निस्तारण किया गया।

ऐसीजेएम एवं जेएम कोर्ट की अध्यक्षता एसीजेएम नवनीत अग्रवाल ने की। एसीजेएम कोर्ट में दांडिक शमनीय के 70 प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के 30 प्रकरणों से 28,55,977 रूपये की वसूली हुई। 17 वैवाहिक विवादों के साथ ही चार सिविल व नौ रेवेन्यू प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जे.एम. कोर्ट में दांडिक शमनीय के 153 प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के 14 प्रकरण निस्तारित करने से 35,31,12० रूपये की वसूली हुई। आठ वैवाहिक विवाद और 6 सिविल प्रकरणों का निस्तारण किया गया। तीनों न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में कुल 326 प्रकरणों का निस्तारण कर 98,78,137 रूपये की वसूली हुई। बैंक प्रि-लिटिगेशन के 26 प्रकरणों के निस्तारण से 43,14,259 रूपये की वसूली हुई।

इस प्रकार कुल 352 प्रकरणों के निस्तारण से 1,41,92,396 रूपये की वसूली हुई। एड. हरीश गुलेरिया, संतोष सोनी, सचिव नरेन्द्र धोलपुरिया, जगदीश प्रसाद प्रजापत, अशोक कुमार पारीक, धीरज साल्वी, विमल कुमार मिश्रा, अहसान खान नारू, सुरेश कुमार इंदौरिया, न्यायिक कर्मचारी रशीद खान, बृजमोहन काला, विजय कुमार, मनोज, रामस्वरूप, विवेक, हेमन्त पंवार ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर प्रकरणों का निस्तारण किया



लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण करते न्यायाधीश चंदेल।

- **न्यायालय द्वारा नियमित मुकदमों में तथा रेवेन्यू मामलों में प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निस्तारण किया**

**बीदासर,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित दिशा निर्देशो के अनुक्रम में शनिवार को मनमोहन चंदेल आरजेएस की अध्यक्षता में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

लोक अदालत का शुभारम्भ माँ सरस्वती व भगवान् गणेश के विधिवत पूजन के साथ हुआ। लोक अदालत में न्यायालय मे विचाराधीन मुकदमों, प्रीलिटीगेशन के मामले एवं अन्य प्रकार के मामलों के संदर्भ मे सुनवाई कर उभयपक्षकारान के मध्य आपसी राजीनामा के आधार पर मुकदमों को सुलह, समझाईस से हल करने का प्रयास किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में उपखण्ड अधिकारी श्योराम वर्मा, तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा, नायब तहसीलदार सुभाष चंद छीपा, पेनल अधिवक्ता रमेश बिस्सु, बार संघ अध्यक्ष रघुवीर भामू तथा पक्षकारान के अधिवक्तागण दीनदयाल प्रजापत, अरविंद चौधरी, महेश कुमार छापोला, शाहिद सौलंकी, आमीन शेख, सज्जन चोटिया, कालीचरण सोनी, रजतराज शर्मा आदि की समझाईस के उपरान्त न्यायालय हाजा मे अध्यक्ष मनमोहन चंदेल द्वारा समझाईस की गई। इस अवसर पर अधिवक्तागण परमानन्द बिजारणियाँ, रजत पाण्डेय, राजकुमार ढाका, गोविंद जाखड़, इरफान सौलंकी, हनुमान प्रसाद, सलमान भुट्टा द्वारा हेल्प डेस्क के माध्यम से अपना सहयोग दिया। लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायालय के कर्मचारी मुकेश चंद उपाध्याय, अमित झरवाल, देवेश आर सौनी, रणवीर सिंह, गिरीश कुमार, गंगाधर माली ने सहयोग दिया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय द्वारा नियमित मुकदमों में तथा रेवेन्यू मामलों में प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निस्तारण किया गया।

## नैपकिन वेंडिंग मशीन भेंट की

**सादुलपुर,** (निसं)। भामाशाह कमल बिजारणियां नें अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय सुलोचना देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, राजगढ में छात्राओं को अल्पाहार दिया एवं कक्षा 9 से 12 हेतु निर्मित नए छात्रावास भवन हेतु सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन भेंट की। वहीं 'बेटी पढाओ- बेटी बचाओ' थीम पर आधारित कार्यक्रम में बिजारणियां ने विशेष आवश्यकता वाली बालिकाओं को शिक्षा से जोडने पर बल दिया। बिजारणियां पिछले 30 वर्षो से स्वास्थ्य सेवाओं से जुडे हैं तथा उनकी पुत्री डॉ. कविता ने छात्राओं को स्वच्छता एवं संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी। नोडल प्रधानाचार्य एवं पदोन्नत डी.ई.ओ. डॉ. सुमन जाखड नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं लगातार मेहनत कर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए बिजारणियां परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आभार जताया। कार्यक्रम में कमल बिजारणियां के पुत्र निशान्त एवं नातिन यशवी ने भी भूमिका निभाई।

## सार-समाचार

### वीर तेजाजी की मूर्ति का अनावरण



**सुजानगढ़,** (निसं)। निकटवर्ती गांव सांडन में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक की गई। इस अवसर पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा, भारतीय किसान युनियन के अध्यक्ष राजाराम मील ने तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व प्रधान पूसाराम गोदारा बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुजानगढ प्रधान मनभरीदेवी मेघवाल, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, पूर्व कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष सुरजाराम ढाका, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, सरपंच विश्वजीत कस्वां, भामाशाह वीरेन्द्र कस्वां सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत भंवरलाल सामोता, सरपंच नवीन सीलु, घनश्याम सालासर, लादूराम राव, महेश सामोता, विकास ढाका, संदीप दूधवाल, अभिषेक शर्मा आदि ने किया। मूर्ति अनावरण समारोह के बाद हवन किया गया, इसके पश्चात प्रसादी, तेजा गायन के साथ ही भजन संध्या का आयोजन हुआ।

### लॉटरी से मिला 30 विद्यार्थियों को प्रवेश

**पाटन,** (निसं)। छाजा की नांगल के राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम स्कूल में शैक्षिणक सत्र 2022 - 23 में प्रवेश के लिए शनिवार को प्राप्त आवेदनों की लाटरी निकाली गई। प्रधानाचार्य विवेक जांगिड ने बताया कि स्कूल की कक्षा 1 में प्रवेश के लिए उपलब्ध 30 सीटों के मुकाबले 46 फार्म जमा हुए थे। जिसमें लाटरी और अन्य प्रवेश शर्तों के आधार पर 23 विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए चयनित किया गया। वहीं उम्र और अन्य प्रवेश शर्तों पर खरे नहीं उतरने वाले 23 फार्म रद्द किए गए। वहीं कक्षा 2 में प्रवेश हेतु उपलब्ध 8 सीटों के लिए 7 फार्म प्राप्त हुए जिनका चयन कक्षा 2 में प्रवेश के लिए किया गया। कक्षा 4 की 3 सीट और कक्षा 8 की 1 सीट के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं होने पर उपलब्ध सीटें रिक्त रखी गई। लाटरी के दौरान कांठोस नेता दिनेश यादव, कैलाश यादव, रमेश कुमार यादव, सोनू कुमार वर्मा, दिनेश कुमार जांगिड, रोहिताश सैनी, बाला देवी समेत स्कूल स्टाफ़ उपस्थित रहा।

### निर्धारित क्षमता से अधिक चारा एकत्र नहीं करने को लेकर पत्र

**चूरू,** (कासं)। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ धनपत सिंह चौधरी ने तारानगर एवं सिद्धमुख तहसीलदार को पत्र लिखकर संबंधित भंडार गृहों में 100 मैट्रिक टन से अधिक चारा भंडारण नहीं किए जाने के आदेश की पालना करवाने के लिए कहा है। डॉ चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की ओर से 100 मैट्रिक टन से अधिक भंडारण नहीं किए जाने के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं तथा निरीक्षण दल का गठन किया गया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस संबंध में तारानगरए साहवाए सिद्धमुख क्षेत्र के संबंधित चारा व्यवसायियों को इस संबंध में पाबंद करें।

### एसडीएम ने निकाली लॉटरी

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा शहर के समीप ओजटू गांव में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गई। इस दौरान एसडीएम सन्दीप चौधरी और एसीबीईओ की उपस्थिति में लॉटरी निकालने की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रधानाचार्य मंजू तोगड़िया ने बताया कि लॉटरी के माध्यम से तीनों कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस दौरान सभी चयनित विद्यार्थियों को एसडीएम ने बधाई दी और स्कूल को लेकर प्रधानाचार्य से चर्चा की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ के साथ ही एसएमसी और एसडीएमसी के सदस्य भी मौजूद रहे।

### पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा



**रतनगढ़,** (निसं)। पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन पांच केन्द्रों पर दोनों पारियों में कुल 2190 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां मकड़ीनाथ स्कूल, सेठ बंशीधर जालान राजकीय उमावि, मारूति, केपीएस व रघुनाथ विद्यालय सैन्टर थे। प्रथम पारी में कुल 2664 अभ्यर्थी आने थे लेकिन 1613 ही आए यानि 1051 नहीं आए। दूसरी पारी में कुल 2656 आने थे लेकिन 1139 नहीं आए और 1517 ने परीक्षा दी। परीक्षा केन्द्रों पर काफी सख्ती रही और परीक्षार्थी को कई जांचों से गुजरना पड़ा। जगह-जगह भीड़ भी देखते ही बन रही थी। बसों पर भी पुलिस के इन्तजाम करने पड़े।

### रेहाना आज करेंगी जन सुनवाई

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज 15 मई रविवार को जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग अध्यक्ष रविवार को सवेरे 10 बजे से 12 बजे तक जन सुनवाई करेंगी।

### विद्यालय को परिंडे व पौधे भेंट

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडावासी में अध्यापिका अंजू पूनिया के जन्मदिन पर दो गमले, दो पौधे व 6 परिण्डे चुग्गे हेतु, 6 परिण्डे पानी वास्ते प्रदान किये गए तथा उन्हें उचित स्थान पर लगाया गया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर**
**जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

Fax:-01537-250043, Email.nprawatsar1977@gmail.com phone no-01537-250043

क्रमांकः-न.पा.रा./भूमि/2022/678 — दिनांक 13.05.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

वार्ड सं. 1 में 1 वार्ड सं. 2 में 6 वार्ड सं. 4 में 1 वार्ड सं. 5 में 2 वार्ड सं. 7 में 3 वार्ड सं. 8 में 1 वार्ड सं. 9 में 2 वार्ड सं. 13 में 1 वार्ड सं. 17 में 1 वार्ड सं. 21 में 5 वार्ड सं. 24 में 1 वार्ड सं. 26 में 2 वार्ड सं. 27 में 1 कुल संख्या 27 आवेदकों ने अपनी सम्पति के पट्टे के लिए आवेदन किया गया है, इस संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका रावतसर की वैबसाईट https://rajasthan.gov.in/ulbrawatsar एवं स्वायत शासन विभाग की वैबसाईट http://LSG.urban.rajasthan.gov.in तथा http://sahar2021.ajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

जिस पर किसी को कोई उजर व आपत्ति हो, तो नगरपालिका रावतसर में 07 दिवस में प्रस्तुत करे। इसके पश्चात नगरपालिका द्वारा एक पक्षिय कार्यवाही कर संबंधित का पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर